राजस्थान सरकार
वित्त (राजस्व) विभाग

क्रमांक प.1(243)वित्त राजस्व विविध 13 जयपुर, दिनांकः-

निदेशक,
पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग,
राज.-जयपुर।

विषयः- सेवानिवृत्ति आदेशों में जारी संतोषजनक सेवा प्रमाण-पत्र No DE/PE/FIR प्रमाण पत्र के संबंध में।

संदर्भः- वित्त (नियम) विभाग के परिपत्र प.12(6)वित्त/नियम/2008 दिनांक 24.03.2015 के संशोधित प्रारूप के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत वित्त (नियम) विभाग से यह मार्गदर्शन चाहा गया था कि क्या संदर्भित परिपत्र जारी होने से पूर्व की दिनांक में जारी No DE/PE/FIR प्रमाण पत्रों को नवीन सिरे से उक्त परिपत्र के संशोधित प्रारूप-6 के अनुसार जारी किया जाना आवश्यक है अथवा नही ? इस संबंध में वित्त (नियम) विभाग से प्राप्त अशा.टीप. प.12(6)वित्त/नियम/2008 दिनांक 22.07.2015 द्वारा यह स्पष्टीकरण दिया गया है कि उक्त प्रासंगिक परिपत्र जारी होने की दिनांक से ही प्रभावी माना जावेगा। अतः जो प्रमाण-पत्र 23.03.2015 तक जारी हो गये हैं। उन पर उक्त परिपत्र दिनांक 24.03.15 प्रभावी नहीं माना जावेगा।

अतः आपसे निवेदन है कि अधीनस्थ कार्यालयों को सूचित कराने का श्रम करें कि इस प्रकार के आक्षेप सृजन योग्य नहीं है।

भवदीय,

(एजाज नबी खान)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (नियम) विभाग को दी जाकर निवेदन है कि कृपया उक्त परिपत्र के संबंध में स्पष्टीकरण आपके विभाग के स्तर से जारी कराने का श्रम करावें।
2. कोषाधिकारी, दौसा को उनके पत्रांक 1172 दिनांक 09.07.15 के क्रम में।
3. श्री श्रवण लाल वर्मा, सहायक निदेशक पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, जयपुर।

सहायक शासन सचिव

निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर विभाग, राज. जयपुर अत्यावश्यक

क्रमांक: प.5(283) निपेपे/नियम/2014 2137-2300 H दिनांक: 13.08.2015

वित्त (राजस्व) विभाग से प्राप्त मार्गदर्शन की पृष्ठांकित प्रति निम्नांकित को पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. विभागाध्यक्ष (समस्त) कोष एवं लेखा

2. संयुक्त / उप निदेशक, पेंशन विभाग, क्षे. का. (समस्त)

3. सहा. / उप निदेशक, पी.आर. अनुभाग, (समस्त) कार्यालय हाजा।

(हस्ताक्षर)

सहायक निदेशक
पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग
राजस्थान, जयपुर

मूल ही कम्प्यूटर शाखा को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

(हस्ताक्षर)
3/9/15
(Asstt. Director (C))